पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने रोटरी इन्टरनेशनल की पहली महिला अध्यक्ष के वाराणसी आगमन पर आयोजित कार्यक्रम को आनलाइन सम्बोधित किया

देश और समाज के लिए नागरिकों का कल्याण महत्वपूर्ण

रोटरी क्लब दुनिया में एक मानवीय सेवा संस्थान के रूप मे विख्यात है

कुपोषित बच्चों को गोद लेने में भी पहल करे रोटरी

वाराणसी स्थित डा0 सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय में पाण्डुलिपियों और व्यवस्थाओं के अनुरक्षण में भी योगदान अपेक्षित

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 28 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन के प्रज्ञाकक्ष से रोटरी इंटरनेशनल की पहली महिला अध्यक्ष सुश्री जेनिफर ई0 जोन्स के वाराणसी आगमन पर आयोजित कार्यक्रम को आनलाइन सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज के लिए नागरिकों का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है। रोटरी क्लब दुनिया में एक मानवीय सेवा संगठन के रूप में विख्यात है। उन्होंने विश्व में रोटरी द्वारा किए गए सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए सराहना की और कहा कि प्रदेश में कुपोषित बच्चों को उचित पोषण व्यवस्था के लिए गोद लेने हेतु भी यह संगठन आगे आए।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने रोटरी इन्टरनेशनल द्वारा भारत में स्थापित रोटरी क्लबों के साथ मिलकर समाज उत्थान के लिये चलाये जा रहे

महत्वपूर्ण अभियानों में सहयोग करने की सहमति पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा रोटरी डिस्ट्रिक्ट अध्यक्ष श्रीमती जेनिफर ई. जोन्स एक बेहतर विश्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान करने के लिए अभियानों और पहलुओं के नये रास्ते खोजने पर विचार कर रही हैं और रोटरी द्वारा वन आवरण को बढ़ाने, जल संरक्षण, महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम की योजना और क्रियान्वयन पर कार्य भी किया जा रहा है।

राज्यपाल जी ने रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के वाराणसी आगमन के अवसर पर रोटरी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के साथ प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता हेतु एक सहयोगी के रूप में कार्य करने के संकल्प की जानकारी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में समाज के प्रति जागरूकता का होना आवश्यक है। देश और प्रदेश की प्रगति के लिये बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोटरी इंटरनेशनल की अध्यक्ष सुश्री जेनिफर ई. जोन्स का उत्तर प्रदेश का यह भ्रमण हमारे प्रदेश के रोटरी सदस्यों को सामाजिक कार्यों के प्रति और लगाव उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद वाराणसी से रोटरी इंटरनेशनल की अध्यक्ष, रोटेरियन श्रीमती जेनिफर ई.जोन्स जी एवं उनके पति श्री रोटेरियन निक, रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक रोटेरियन श्री ए0एस0 वैक्टेंश एवं उनकी पत्नी रोटेरियन श्रीमती विनीता, उत्तर प्रदेश के माननीय वन, पर्यावरण एवं जन्तु संरक्षण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 अरूण सक्सेना, रोटरी मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन श्री अनिल अग्रवाल, रोटेरियन कुशनवा पबी, रोटेरियन श्री जितेन्द्र बी0 राजभण्डारी, रोटेरियन सुश्री कविता अग्रवाल, रोटेरियन श्री दिनेश गर्ग तथा रोटरी सदस्यगण आनलाइन जुड़े हुए थे।

————

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन (302/58)